# Vartman Satta

Date: 16/02/2022

# ओरिएन्टेशन कार्यक्रम का आयोजन

**वर्तमान सत्ता**

**मुरादनगर।** आई0टी0एस डेंटल कॉलेज, मुरादनगर में दिनांक 14 फरवरी, 2022 को गत वर्षों की भाँति 22वाँ बी0डी0एस0 (2021–25) सत्र प्रारंभ करने के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम किया गया। आई0टी0एस0 डेंटल कॉलेज के अभी तक के सभी उत्तीर्ण विद्यार्थी दंत चिकित्सक के रूप में देश और विदेश में कार्यरत है तथा विद्यार्थियों को ग्रामीण अंचल क्षेत्रो में अभ्यास करने के लिए प्रेरित किया जाता है।



ओरिएंटेशन कार्यक्रम का प्रारम्भ विशिष्ट अतिथि प्रो0 (डॉ0) अरूण के0 सिंह, कुलपति, अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विश्व विद्यालय, लखनऊ, और डॉ0 हृदय शंकर सिंह, कुलपति, माँ शाकुंभरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर तथा आईटीएस–द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ0 आर0पी0 चड्ढा, वाईस चेयरमैन, अर्पित चड्ढा एवं डायरेक्टर –पी0आर0, श्री सुरिन्द्र सूद तथा संस्थान के डायरेक्टर–पी0जी0 कोर्सेज, डॉ0 श्रीनाथ ठाकुर और प्रधानाचार्य, डॉ0 देवी चरण शेट्टी द्वारा दीप प्रज्ज्वलन एवं माँ सरस्वती वंदना के साथ किया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि प्रो0 (डॉ0) अरूण के0 सिंह ने सभी नवीन विद्यार्थियों एवं उनके माता–पिता को इस आई0टी0एस0 कॉलेज में प्रवेश लेने के लिये उनको बधाई दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि उन्होंने बी0डी0एस0 पाठ्यक्रम को चुनकर सही निर्णय लिया है। इसके साथ ही उन्होंने सभी छात्रों को सलाह दी कि वह अपने आप को दंत चिकित्सा के क्षेत्र मे विकसित करें एवं मरीजों का सम्मान करें, परिश्रम करें, पढ़ाई के समय का उपयोग करें और उन्होंने कहा कि फल कि चिंता न करते हुये अपने कार्य पर ध्यान केन्द्रित करें। उन्होंने यह आषा व्यक्त की कि आई0टी0एस0 डेन्टल कॉलेज, गाजियाबाद शिक्षण के क्षेत्र में अपने उद्देश्यों पर खरा उतरेंगा एवं अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल विष्वविद्यालय, लखनऊ का सबसे उच्च कोटि का संस्थान साबित होगा। अंत में उन्होंने आई0टी0एस0 मैनेजमेंट को बधाई दी।

कार्यक्रम के दूसरे विशिष्ट अतिथि डॉ0 हृदय शंकर सिंह ने बताया आई0टी0एस0 डेंटल कॉलेज, गाजियाबाद, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ का सबसे उच्च स्तरीय संस्थाओं में से एक है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के साथ अपने जीवन के अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि समाज की सेवा हमारा परम कर्तव्य होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने छात्रों को अध्यापको के महत्व को समझाया कि वह एक विद्यार्थी के जीवन मे कितने महत्वपूर्ण स्थान रखते है। अंत में उन्होंने देश के उभरते डॉक्टरों के लिए दंत चिकित्सा का एक अच्छा वातावरण बनाने के लिए संस्थान को बधाई भी दी। आई0टी0एस0–द एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन, श्री अर्पित चड्ढा ने बी0डी0एस0 मे प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों को शुभकामनायें दी तथा विद्यार्थियों को संस्थान के शानदार इतिहास और उपलब्धियों से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि यह संसथान आज जो भी है उसमें सीनियर्स और अध्यापकों की एक महत्वपूर्ण भूमिका रही है। इसके साथ ही उन्होंने सभी छात्रों को भविष्य में कड़ी मेहनत करने की सलाह दी तांकि वह अपने परिवार और संस्थान को सम्मान दिला सकें। कार्यक्रम का स्वागत भाषण श्री सुरिन्द्र सूद, डायरेक्टर–पी0आर0, आई0टी0एस0–द एजुकेशन ग्रुप द्वारा दिया गया। उन्होंने बताया कि आई0टी0एस0 ग्रुप की स्थापना 1995 में हुई थी, तथा उन्होंने छात्रों को संस्थान की परम्परा से भी अवगत कराया उन्होंने कहा कि शैक्षिक समूह के सभी परिसरो (आई0टी0एस मोहन नगर, गाजियाबाद, आई0टी0एस इंजीनियरिंग कॉलिज, ग्रेटर नोएडा एवं आई0टी0एस डेन्टल कॉलिज, ग्रेटर नोएडा) से अवगत कराया तथा बताया कि समूह में 700 से अधिक योग्य तथा अनुभवी शिक्षकों द्वारा 8,000 से ज्यादा छात्रों को चार परिसरो में विभिन्न पाठयक्रमो में शिक्षा प्रदान करता है। इसके बाद संस्थान के डायरेक्टर –पी0जी0 कोर्सेज, डॉ0 श्रीनाथ ठाकुर ने नवीन छात्रों को रोगियों को विश्व स्तरीय देखभाल प्रदान करने के लिये दंत चिकित्सा के क्षेत्र में नवीनतम सफलताओं के साथ अध्ययनरत रहते के लिये संस्थान के लक्ष्य के बारे में जानकारी दी। संस्थान के प्रधानाचार्य, डॉ0 देवी चरण शेट्टी, ने सभी विद्यार्थियों का स्वागत किया और छात्रों को संस्थान के अनुभवी षिक्षकों का परिचय कराया तथा वूमैन सेल, कॉडीनेटर और एंटी रैगिंग कमेटी जैसी लाभकारी सुविधाओं से अवगत भी कराया तथा सभी विद्यार्थियों को शुभकामनायें दी। कार्यक्रम के दौरान सभी विद्यार्थियों के साथ एक इंटरैक्टिव सत्र भी किया गया। जहाँ प्रत्येक छात्र ने अपनी रूचि के विषय के बारे में संक्षिप्त चर्चा के साथ अपना परिचय दिया। अंत मे कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस सफल कार्यक्रम को आयोजित करने के लिये सभी विद्यार्थियों ने आई0टी0एस0–द एजुकेशन ग्रुप के चेयरमैन, डॉ0 आर0पी0 चड्ढा तथा वाईस चेयरमैन, श्री अर्पित चड्ढा को धन्यवाद दिया।